कार्यालय प्राचार्य
शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.)
{पूर्वनामः शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)}
नैक ग्रेड–ए, सी.पी.ई.–फेस–3, डी.बी.टी.–स्टार कालेज
फोन नं. 0788.2211688, फैक्स नं. 0788.2212030
Website: www.govtsciencecollegedurg.ac.in

दिनांक 26.11.2016

प्रेस विज्ञप्ति
साइंस कालेज दुर्ग में नैक मूल्यांकन की तैयारी हेतु आवश्यक बैठक आयोजित

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय,दुर्ग में यूजीसी की स्वायतशासी संस्था नैक द्वारा आगामी जनवरी माह में प्रस्तावित मूल्यांकन भ्रमण को ध्यान में रखते हुए विभिन्न दिशा निर्देश प्रसारित करने हेतु प्राचार्य डॉ. सुरेन्द्र कुमार राजपूत ने महाविद्यालय के समस्त स्नातक एवं स्नातकोत्तर विभागों के विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों की आवश्यक बैठक ली। बैठक में प्राचार्य डॉ. राजपूत ने नैक मूल्यांकन की आवश्यकता एवं महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समूचे महाविद्यालय परिवार से नैक मूल्यांकन हेतु वांछित दस्तावेजों का रख–रखाव, एकत्रीकरण, विगत 5 वर्षों के प्रवेश एवं परीक्षा परिणामों संबंधी आंकड़ों को विभागवार प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महाविद्यालय की शोध गतिविधियों, रिसर्च प्रोजेक्ट, शोध पत्र प्रकाशन, सेमीनार वर्कशाप का आयोजन एवं अन्य विस्तार गतिविधियों को रिपोर्ट एवं पोस्टर के माध्यम से प्रस्तुतिकरण करने के भी निर्देश बैठक में उपस्थित प्राध्यापकों को दिए। उल्लेखनीय है कि सन् 2011 में नवम्बर माह में नैक द्वारा ए ग्रेड प्राप्त करने के 5 वर्ष पूर्ण हो जाने के पश्चात् तामस्कर महाविद्यालय का नैक द्वारा मूल्यांकन आगामी जनवरी माह में प्रस्तावित है। दुर्ग जिले एवं छत्तीसगढ़ के प्रतिष्ठित महाविद्यालयों में शामिल तामस्कर महाविद्यालय की आईक्यूएसी संयोजक डॉ. जगजीत कौर सलूजा ने अपने संबोधन में प्राध्यापकों को नैक मूल्यांकन हेतु की जाने वाली तैयारियां एवं दस्तावेजों के प्रस्तुतिकरण की विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय यूजीसी सेल की संयोजक डॉ. अनुपमा अस्थाना ने प्रकाशित शोध पत्रों के प्रस्तुतिकरण, विस्तार गतिविधियों के दस्तावेजों के एकत्रीकरण एवं नैक मूल्यांकन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों का उल्लेख किया। आईक्यूएसी के सदस्य एवं उच्चशिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नैक मूल्यांकन हेतु गठित परामर्श समिति के सदस्य डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव ने महाविद्यालय द्वारा तैयार की गयी स्व–मूल्यांकन रिपोर्ट के विभिन्न बिंदुओं, विभागों द्वारा नैक के 7 मूल आधारों तथा महाविद्यालय द्वारा तैयार की जाने वाली विडियो फिल्म की विस्तृत जानकारी प्राध्यापकों को दी। नैक स्टयरिंग कमेटी के सदस्य डॉ. अनिल कुमार ने भी नैक मूल्यांकन संबंधी विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला। बैठक में उपस्थित विभागाध्यक्षों एवं प्राध्यापकों ने विभागवार अपनी समस्याओं का उल्लेख किया, जिनका विचार–विमर्श के पश्चात् प्राचार्य डॉ. राजपूत ने निराकरण करने के निर्देश दिए। इस संबंध में विभिन्न विभागों को शासकीय नियमानुसार आवश्यक खर्च हेतु राशि भी आबंटित की गयी। अंत में डॉ. प्रशान्त श्रीवास्तव द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किए जाने के साथ बैठक समाप्त हुई।

प्रति,

संपादक / ब्यूरो चीफ
दैनिक ....दुर्ग

इस निवेदन के साथ कि कृपया इसे जनहित में समाचार के रूप में प्रकाशित करने का कश्ट करें।

प्राचार्य
शास.वि.या.ता.स्नात.स्वशासी महावि.
दुर्ग (छ.ग.)